

# हिस्ट्रीशीटर राहुल सिंह टीकर की धारदार हथियार से हत्या

## पुरानी रंजिश की आशंका, दो संदिग्ध हिरासत में

नवभारत न्यूज

**सतना 08 सितम्बर। जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र के खनगढ़ इलाके के जंगल में एक हिस्ट्रीशीटर की धारदार हथियार से हमला कर हत्या किए जाने का मामला सामने आया। मृतक की पहचान टीकर गांव निवासी राहुल सिंह के रूप में हुई।**



घटना की सूचना मिलते ही सिंहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हत्या के संदेह में सियाशरण दहिया और अश्वनी दहिया को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार मृतक राहुल सिंह का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और मारपीट सहित दर्जनभर से अधिक मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। वह पूर्व में जिला बदर भी रह चुका था और उसके खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई किए जाने की जानकारी सामने आई है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को हत्या के पीछे पुरानी रंजिश की आशंका है। बताया जा रहा है कि राहुल सिंह और सियाशरण दहिया के बीच पहले से विवाद चला आ रहा था। पूर्व में भी दोनों के बीच मारपीट का विवाद सामने आया था। इसी रंजिश के चलते खनगढ़ के जंगल में राहुल सिंह पर धारदार हथियार से हमला किए जाने की बात सामने आई है।

### इनका कहना है

हमले में गंभीर रूप से घायल राहुल सिंह की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने दोनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हत्या की वास्तविक वजह, वारदात में इस्तेमाल हथियार और घटना में अन्य लोगों की भूमिका को लेकर पुलिस जांच कर रही है। फिलहाल मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

**प्रेम लाल कुर्वे**
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण



# ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

## रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**सतना, 08 सितम्बर। रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से 80 वर्षीय बुजुर्ग की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।**

मृतक की पहचान भगवान दीन पाल पिता सूरजदीन पाल, निवासी रगला के रूप में हुई है। बताया गया कि भगवान दीन पाल कृषि कार्य कर वापस अपने घर लौट रहे थे। उन्हें सुनाई कम देता था, जिसके चलते रेलवे लाइन पार करते समय वे ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही उचेहरा पुलिस मौके पर पहुंच गई। लेकिन उचेहरा अस्पताल की मरचुरी में मंगलवार को शव परीक्षण के लिए करीब डेढ़ घंटे तक इंतजार करना पड़ा। पुलिस द्वारा सूचना दिए जाने के बावजूद डॉक्टरों की टीम समय पर नहीं पहुंची, जिससे परिजनों और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# प्रभारी मंत्री आज मैहर से लौटकर चित्रकूट जाएंगे

नवभारत न्यूज

**सतना 08 सितम्बर. मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सुबह साढ़े 7 बजे मैहर मां शारदा के दर्शन करने के लिए जाएगे.**



इसके बाद जिले के भ्रमण के दौरान 9 सितम्बर को प्रात: 9.30 बजे चित्रकूट पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद प्रभारी मंत्री सायं 4 बजे कार द्वारा चित्रकूट से सतना आयेंगे और यहां से रीवा एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे।

# घर में धावा बोल लाखों का सोना-चांदी ले उड़े चोर

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 सितम्बर. कोटर थाना क्षेत्र के किचवारिया गांव में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए करीब 15 लाख रुपये का सामान पार कर दिया। चोर घर के पीछे की तरफ से दाखिल हुए और परिवार के सदस्य सोते रहे। सुबह करीब 6 बजे उठने पर परिजनों को चोरी की जानकारी हुई।**

पीड़ित विनय त्रिपाठी ने बताया कि चोर घर में रखी पेटियों को तोड़कर करीब 7 तोला सोना और 2 किलो चांदी सहित अन्य सामान ले गए। कुछ पेटियां चोरों ने घर के आंगन में तोड़ीं,



जबकि कुछ पेटियां घर से दूर धान के खेत में ले जाकर तोड़ी गईं। हैरानी की बात यह भी सामने आई कि चोरी करने के दौरान चोरों ने घर में रखा दूध भी पीया और इसके बाद वहां से निकल गए। चोरी की जानकारी मिलते ही पीड़ित परिवार ने 112 पर सूचना दी, जिसके बाद कोटर थाना प्रभारी दिलीप मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने जांच के लिए डॉग स्क्वायड की मदद लेने का प्रयास किया, लेकिन सतना में डॉग स्क्वायड उपलब्ध नहीं होने के कारण टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी।

### जानकारी जुटा रही पुलिस

फिलहाल पुलिस ने साइबर सेल की मदद से मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटा रही है। घटना के बाद ग्रामीणों में चोरी को लेकर दहशत का माहौल है।

# आबकारी, पुलिस और राजस्व की संयुक्त कार्रवाई , 7 पर केस

## बदेरा क्षेत्र से 210 किलो लाहन जब्त कर किया नष्ट

नवभारत न्यूज

**मैहर, 8 सितम्बर. जिले में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रशासनिक अमले ने बदेरा क्षेत्र में कार्रवाई की है.**



अवैध शराब बनाने के लिए तैयार किया गया 210 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया. मिल रही शिकायतों के आधार पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी लोकेश सिंह के नेतृत्व में संयुक्त दल गठित कर बदेरा थाना क्षेत्र के विभिन्न चिन्हित अड्डों पर दबिश दी गई. तलाशी के दौरान पंचों के समक्ष अलग-अलग स्थानों से 105 किग्रा, 60 किग्रा और 45 किग्रा सहित कुल 210 किलोग्राम लाहन जब्त किया गया. शराब माफिया इसे सड़ाकर मदिरा तैयार करने की फिराक में थे जिसे टीम ने तत्काल नष्ट कर दिया.

आबकारी अधिनियम 1915 की सुसंगत धाराओं के तहत 7 प्रकरण दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध विवेचना शुरू कर दी गई है. इस छापामार कार्रवाई में बदेरा वृत्त की नायब तहसीलदार साधना सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक अंजली तिवारी तथा बदेरा थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार समेत तीनों विभागों के पुलिस व प्रशासनिक बल की अहम भूमिका रही.

# नदी पार करने की कोशिश में मां बेटा डूबे, बेटे की मौत

- मां का आईसीयू में उपचार जारी

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 सितम्बर. मैहर जिले के अमदरा थाना क्षेत्र के भरौली गांव में मंगलवार सुबह खेत जाते समय टमस नदी पार करने की कोशिश में मां-बेटा डूब गए। ग्रामीणों ने दोनों को नदी से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान 8 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।**



पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सबीना पति वीरेंद्र पटेल (40) के खेत टमस नदी के दूसरे किनारे पर स्थित हैं। हाल में हुई बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इसी वजह से सबीना कई दिनों से खेत देखने नहीं जा पा रही थीं। मंगलवार को मौसम साफ होने के बाद वह अपने 8 वर्षीय बेटे सौरभ के साथ खेत जाने के लिए निकलीं। नदी के पास पहुंचने पर जलस्तर अधिक था। इसके बावजूद महिला ने बेटे को पीठ पर बांधा और तैरकर नदी पार करने लगी। नदी पार करते समय मां-बेटा बीच में गहरे पानी की ओर चले गए और डूबने लगे। इसी दौरान उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने किसी तरह दोनों को नदी से बाहर निकाला। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई और मां-बेटे को इलाज के लिए मैहर सिविल अस्पताल ले जाया गया।

### बच्चे ने दम तोड़ा

अस्पताल में इलाज के दौरान 8 वर्षीय सौरभ की मौत हो गई। वहीं सबीना की हालत गंभीर बनी हुई है।उसे आईसीयू में डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद अमदरा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद परिवार के लोग सदमे में हैं, जबकि भरौली गांव में मातम का माहौल है।

# शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों और गड्ढों की अतिशीघ्र होगी मरम्मत

## महापौर-आयुक्त ने की क्षेत्रवार समीक्षा, इंजीनियरों ने सर्वे कर चिन्हित किए क्षतिग्रस्त हिस्से

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 सितम्बर. शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों और गड्ढों को दुरुस्त करने के लिए नगर पालिक निगम सतना ने तैयारियां तेज कर दी हैं।**



मंगलवार को महापौर योगेश कुमार ताम्रकार एवं आयुक्त डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने निर्माण शाखा के अधिकारियों और इंजीनियरों के साथ बैठक कर शहर की सड़कों की स्थिति तथा आवश्यक सुधार कार्यों की क्षेत्रवार समीक्षा की। बैठक से पहले निर्माण शाखा के इंजीनियरों ने अपने-अपने क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण कर गड्ढों, क्षतिग्रस्त सड़क हिस्सों और मरम्मत की आवश्यकता वाले स्थानों को चिन्हित किया था। बैठक में इन चिन्हित स्थानों की जानकारी महापौर एवं आयुक्त के समक्ष रखी गई। महापौर एवं आयुक्त ने क्षेत्रवार स्थिति और प्रत्येक स्थान पर आवश्यक मरम्मत कार्यों की समीक्षा की। बैठक में प्रमुख एवं अधिक आवागमन वाले मार्गों के साथ वार्डों की आंतरिक सड़कों पर भी विशेष ध्यान देने पर जोर दिया गया। अधिक क्षतिग्रस्त हिस्सों तथा नागरिकों के आवागमन को प्रभावित करने वाले स्थानों को प्राथमिकता में रखते हुए आवश्यक पैचवर्क एवं सड़क मरम्मत अतिशीघ्र कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में कार्यपालन यंत्री मुकेश चतुर्वेदी, राहुल पटेल एवं के.पी. गुप्ता, सहायक यंत्री रोजल प्रताप सिंह, आकाश बट्टी, मनीष वर्मा एवं दीपक बागरी, उपयंत्री रविराज सिंह, पुष्पेंद्र मिश्रा, सुहालीया अंसारी, हर्षिता बैरागी, हेम सिंह अजनार, दीक्षा त्रिपाठी एवं ऋचा गौतम तथा कार्यालय अधीक्षक अनिल श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### सुगम हो रास्ता

महापौर श्री ताम्रकार ने सड़क सुधार कार्यों में नागरिक सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। आयुक्त डॉ. गौड़ा ने निर्माण शाखा को चिन्हित स्थानों पर आवश्यक कार्यों का आकलन कर क्षेत्रवार मरम्मत कार्य व्यवस्थित एवं त्वरित रूप से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि शहर में आवागमन को सुरक्षित एवं सुगम बनाया जा सके।

# चेम्बर ने प्रभारी मंत्री को शहर की दुर्दशा से अवगत कराया

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 सितम्बर. प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय के सतना प्रवास के दौरान चेम्बर अध्यक्ष श्री सतीश सुखेजा के नेतृत्व मे चेम्बर प्रतिनिधि मण्डल ने सर्किट हाउस मे प्रभारी मंत्री जी से मुलाकात की।**



चेम्बर महामंत्री मनोज कटारे ने बताया कि चेम्बर अध्यक्ष द्वारा शहर की जर्जर स?के, गंदे पानी के निकास की समस्या, यातायात की समस्या, ठेलो के अतिक्रमण के कारण उत्पन्न अव्यवस्था से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया। चेम्बर अध्यक्ष ने मुलाकात के दौरान 1 जुलाई 2026 से लेकर अभी तक शासन के साथ किये गये सभी पत्राचारो की प्रतिलिपि एवं शहर की समस्याओं पर 14 सूत्रीय ज्ञापन सौपते हुए यह भी बताया कि चेम्बर ने 14 जुलाई 2026 को शहर की मूलभूत सुविधाओं के प्रति नगर निगम की उदासीनता के विरोध मे नगर निगम का घेराव किया था और शहर के व्यापारी लगभग 6 घण्टे तक नगर निगम कार्यालय के बाहर जमीन पर बैठकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन करते रहे परन्तु नगर निगम आयुक्त मौके पर नही पहुंचे उनके स्थान पर महापौर ने चेम्बर का ज्ञापन स्वीकार करते हुए यह कहां था कि चेम्बर की मांगे जायज हैं और यह आश्वासन भी दिया था कि तीन दिन के अंदर व्यापारियो के प्रतिनिधि मण्डल के साथ एक वृहद बैठक कर समस्याओ का त्वरित निराकरण किया जायेगा परन्तु दुर्भाग्य है कि आज दिनांक तक महापौर एवं नगर निगम अमले द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई और शहर की हालात बद से बदतर हो गई। इस पर प्रभारी मंत्री जी ने वहां उपस्थित महापौर जी से जब जानकारी चाही तो महापौर जी का जवाब था कि शहर मे सब सही चल रहा है, जबकि शहर की दुर्दशा किसी से भी छिपी नही है। चेम्बर प्रतिनिधि मण्डल ने प्रभारी मंत्री जी से मांग की कि इस विषय पर तुरन्त हस्तक्षेप कर शहर मे व्याप्त समस्याओं के निराकरण के दिशा मे कार्य किया जाये। प्रभारी मंत्री जी ने चेम्बर अध्यक्ष को यह आश्वासन दिया है कि अधिकारियों को निर्देशित कर समस्या का समाधान जल्द से जल्द किया जायेगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को आजन्म कारावास

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 सितम्बर.न्यायालय विशेष न्यायाधीश ( पॉक्सो एक्ट ) उमेश शर्मा प्रथम अपर सत्र न्यायालय नागौद द्वारा आरोपी को शेष प्राकृतिक जीवन काल तक के कारावास के साथ ही 25000 हजार के जुर्माने से दंडित किया गया ।**

मामले में राज्य की ओर से विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट/एडीपीओ निशि कांत झा द्वारा अभियोजन का संचालन किया गया । प्रकरण शासन की ओर से सनसनीखेज के रूप में चिन्हित किया गया था।एडीपीओ से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी ने एक वर्ष पूर्व थाना सिंहपुर में शिकायत की थी। जिसके अनुसार बालिका के बड़े पापा ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। जिसके चलते वह गर्भवती हो गई। जान से मार देने की धमकी के डर के कारण घटना की बात किसी को नहीं बताई थी। पेट बढ़ता देख मां के पूछने पर उसने बताया कि बड़े पापा उसके साथ गलत काम करते थे। अभियोजन के तर्को से सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा उपरोक्त दण्डादेश पारित किया गया ।

# इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी सतना का निर्वाचन 24 को

**सतना 08 सितम्बर.** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा सतना के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। जिला शाखा के आजीवन सदस्यों को सूचित किया गया है कि सोसायटी का निर्वाचन 24 सितंबर 2026 को संपन्न कराया जाएगा। निर्वाचन के संबंध में आजीवन सदस्यों की अंतिम सूची का प्रकाशन 1 सितंबर 2026 को इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा सतना के कार्यालय में कर दिया गया है। अंतिम सूची कार्यालयीन समय में कार्यालय में अवलोकन के लिए उपलब्ध रहेगी। सभी संबंधित आजीवन सदस्य सूची का अवलोकन कर निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक को सांसद ने किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 सितम्बर. सांसद गणेश सिंह ने राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मोहित गर्ग का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि यह गौरवपूर्ण उपलब्धि न केवल श्री गर्ग के लिए बल्कि पूरे सतना लोकसभा क्षेत्र के लिए एक बेहद गर्व का विषय है।**



उन्होंने शिक्षक मोहित गर्ग के शिक्षा के प्रति समर्पण, कड़ी मेहनत और उनके सेवा भाव की सराहना की। इस अवसर पर सांसद ने उम्मीद जताई कि श्री गर्ग भविष्य में भी इसी तरह पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि एक उत्कृष्ट शिक्षक ही समाज को सही दिशा दे सकता है और मोहित गर्ग जैसे शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में नए नए नवाचार लाकर लगातार समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाती रहेंगे। यह सम्मान जिले के अन्य शिक्षकों के लिए भी एक बड़ी प्रेरणा साबित होगा, जो उन्हें शिक्षा के स्तर को और अधिक बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। कार्यक्रम के दौरान कई गणमान्य नागरिक और शिक्षा विभाग के लोग उपस्थित रहे, देवेंद्र प्रताप सिंह ,राकेश पटेल, बृजनंदन तिवारी,राकेश शुक्ला ,राजू मिश्रा आदि ने मोहित गर्ग को इस बड़ी सफलता और राज्य स्तरीय सम्मान के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## एक नजर में



### विश्व हृदय दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम

सतना। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं भारत विकास परिषद सतना के संयुक्त तत्वावधान में 'विश्व हृदय दिवस' के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर आज पोस्टर का विमोचन किया गया। आयोजकों ने बताया कि 'दिल की बातें, हम भी जाने' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में देश के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञों द्वारा हृदय स्वास्थ्य, हृदय रोगों से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा।यह कार्यक्रम रविवार, 27 सितंबर 2026 को शाम 4 बजे से 6 बजे तक टाउन हॉल, सेमरिया चौक में आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को हृदय रोगों के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।



### जन शिक्षण संस्थान के केंद्र उचेहरा में प्रमाण पत्र वितरित

सतना . कौशल विकास एवम उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित जन शिक्षण संस्थान सतना के केंद्र उचेहरा में गत सत्र 2025- 26 में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षणार्थियों को संस्थान के निदेशक श्री राजकुमार सनाढ्य के निर्देशन में , ब्यूटी केयर असिस्टेंट और सॉफ्ट टॉयज मेकिंग प्रशिक्षणों के प्रमाण पत्रों का वितरण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी वा ब्लॉक प्रभारी प्रदीप कुमार जैन व द्वारा आज दिनांक 08 सितंबर 26 को किये गया ।साथ ही ब्यूटी केयर असिस्टेंट प्रशिक्षण की परीक्षा भी संपन्न कराई गई ।इस अवसर पर ट्रेनर मीरा चौरसिया वा पुष्पा चौरसिया , शिक्षिका मीरा गर्ग व प्रशिक्षणार्थी गण उपस्थित रही ।

# सतना के सुभिता और दीपू ने राज्य स्तरीय एथलेटिक चैंपियनशिप में जीता मेडल

नवभारत न्यूज

**सतना, 08 अगस्त मध्य प्रदेश स्टेट जूनियर और सीनियर अंडर-23 एथलेटिक चैंपियनशिप में जिले के दो उभरते धावकों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया है। दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम स्थित दीपू फिजिकल एकेडमी% में प्रशिक्षण लेने वाले खिलाड़ी दीपू सिंह और सुभिता कुशवाहा ने इस प्रतियोगिता में मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।**

यह प्रतियोगिता 21 अगस्त से 23 अगस्त तक आयोजित की गई थी, जिसमें



प्रदेश भर से आए एथलीटों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान जिले के दीपू सिंह ने 10 किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं, महिला वर्ग की 5 किलोमीटर दौड़ में सुभिता कुशवाहा ने कड़े मुकाबले के बीच तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक (ब्रॉन्ज मेडल ) जीता। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय अपने मुख्य कोच दीपेंद्र सिंह के मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत को दिया है। खिलाड़ियों का कहना है कि कोच के सही प्रशिक्षण और प्रोत्साहन के बिना यह मुकाम हासिल करना संभव नहीं था।

### नियमित अभ्यास जरूरी : दीपू



दीपू सिंह ने बताया कि वे पिछले एक वर्ष से दीपू फिजिकल एकेडमी में नियमित रूप से अभ्यास कर रहे हैं। इस दौरान कोच दीपेंद्र सर ने उन्हें बेहतर मार्गदर्शन प्रदान किया। कोच ने उनकी क्षमता के अनुसार डाइट प्लान और रनिंग शेड्यूल तैयार किया तथा उसी के अनुरूप नियमित अभ्यास कराया।

### मेडल जीतकर खुशी मिली :सुभिता



सुभिता कुशवाहा ने बताया कि चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर उन्हें बेहद खुशी हो रही है। वे पिछले आठ महीनों से दीपू फिजिकल एकेडमी में अभ्यास कर रही हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय कोच दीपेंद्र सर के मार्गदर्शन को दिया । सुभिता ने कहा कि रनिंग शुरू करने पर कई लोगों ने इसे टाइम पास बताया,

### कड़ी मेहनत का फल : दीपेन्द्र



एथलीट कोच दीपेंद्र सिंह ने बताया कि सबसे पहले ये दोनों लोग मेरे पास आये मैने पहली बार गेम वालों बच्चों को ट्रेनिंग दी । मै पहले आर्मी वाले बच्चों को ट्रेनिंग देता था इन दोनों बच्चों ने कड़ी मेहनत की और उनको फल मिला। उन्होंने ने कोच के ऊपर भरोसा रखा और मैने भी उन्हें कई बार मोटिवेट किया करता था।